तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025








## खबर संक्षेप

### बिना लाइसेंस व वर्दी के बस संचालन पर होगी कार्रवाई

**बालोद।** राज्य में बिना परिचालक लाईसेंस एवं निर्धारित वर्दी के यात्री बसों का संचालन किए जाने के संबंध में गुरुवार को बस मालिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी बस मालिकों को अनिवार्य रूप से परिचालक लाईसेंस व निर्धारित वर्दी के साथ बस संचालन के निर्देश दिए गए हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि उक्त निर्देशों का पालन नहीं किए जाने पर मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा–29 के तहत चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बालोद के बच्चों ने बनाया स्थान



**बालोद।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में राज्य स्तर में बालोद से चार विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला संयोजक मिलन सिंह सिन्हा ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024–25 का राज्य स्तरीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें बालोद जिला से राज्य स्तर पर 5वीं से द्वितीय हिमांशु साहू सरस्वती शिशु मंदिर दल्ली राजहरा, 9वीं से द्वितीय निष्ठा साहू शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माहुद, 10वीं से द्वितीय गरिमा सोनी प्रियदर्शनी अर्जुंदा और 12वीं से तृतीय राजेश कुमार शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ज सांकरा ने स्थान प्राप्त किया।

### टीचर्स एसोसिएशन ने मोदी की गारंटी लागू नहीं होने पर जताई नाराजगी

**बालोद।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन व प्रदेश के एलबी संवर्ग के शिक्षक नरेंद्र मोदी की गारंटी को अब तक राज्य शासन द्वारा लागू नहीं किये जाने पर नाराजगी जताई है। टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने बताया कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोन्नति एवं केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने का विषय विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में भी शामिल है। शिक्षकों के पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत जिन मुख्य 5 मांग को लेकर लगातार शिक्षकों द्वारा आंदोलन किया जा चुका है, जिसमे सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने, समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करने एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के शेष पेज 13 पर

जागरूकता : पुलिस ने ऑनलाइन ठगों के नए तरीके की दी जानकारी, किया सावधान

# अनजाने नंबर से आए कॉल के बीच दूसरा कॉल आए तो न उठाएं, हो सकती है ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- लोगों को सायबर फ्रॉड से बचाने बालोद पुलिस चला रही है जागरूकता अभियान

साईबर ठगों द्वारा नित नए तरीके अपनाकर ठगी की जा रही है। वर्तमान में ठगों द्वारा नया तरीका अपनाकर कॉल मर्ज साइबर स्कैम किया जा रहा है।

इसे लेकर बालोद पुलिस द्वारा जागरूकता लाने एवं लोगों को सावधान रहने की सलाह दी जा रही है। कॉल मर्ज साइबर स्कैम के तहत ओटीपी बॉय कॉल से ओटीपी जनरेट कर ठगी की जा रही है। इससे जागरूक करने सायबर पुलिस ने जानकारी साझा की है। सायबर पुलिस ने बताया कॉल मर्ज साइबर स्कैम साइबर ठगी का एक नया तरीका है, जिसमे यूपीआई ने इस घोटाले का शिकार होने से बचने के लिए सुरक्षा सुझाव जारी किए हैं। इसमें ठग आम जन को कॉल मर्ज करने के लिए कहते हैं और अनजाने में उनके वन–टाइम पासवर्ड साझा करने के लिए दुष्प्रेरित करते हैं, इससे ठग ट्रांजेक्शन को पूरा करके पैसे चुरा लेते हैं।

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा विकसित यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने अपने एक्स अकाउंट पर उपयोगकर्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि, साइबर ठग आपको ओटीपी बताने के लिए कॉल मर्जिंग का उपयोग कर रहे हैं। इसके झांसे में न आएं, सतर्क रहें और अपने पैसे की सुरक्षा करें।




### जानिए कैसे करते हैं ठगी

ओटीपी आपके पास दो तरीके से आ सकता है एक एसएमएस के द्वारा दूसरा कॉल के माध्यम से, जिसे ओटीपी बाय काल कहते हैं। ऐसे काल को यदि आप रिसीव करते हो तो ओटीपी शेयर हो जाता है। एक अनजान व्यक्ति के कॉल से घटना की शुरुआत होती है, जो कहता है कि उसे आपके दोस्त से आपका फ़ोन नंबर मिला है। फिर ठग बताता है कि दोस्त किसी दूसरे नंबर से कॉल कर रहा है और आपसे कॉल को मर्ज करने के लिए कहता है। जो कि ओटीपी काल होती है, एक बार कॉल मर्ज हो जाने के बाद, उपयोगकर्ता अनजाने में ओटीपी बता देता है। जैसे ही ओटीपी दिया जाता है, धोखेबाज़ लेन–देन पूरा कर लेते हैं और पीड़ित के खाते से का पैसा गायब हो जाता है।

### क्या करें, क्या नहीं करें

कभी भी अज्ञात नंबरों से फोन आने पर तथा उनके द्वारा कॉल मर्ज करने कहने पर भी कॉल मर्ज न करें, कॉल मर्ज करने के लिए कहे जाने पर हमेशा सतर्क रहें, विशेष रूप से अपरिचित स्त्रोतों से कॉल करने वाले की पहचान कर लेवें, यदि कोई व्यक्ति आपके बैंक या किसी पहचान के व्यक्ति से जुड़े होने की बात कहता है, तो कोई भी कार्रवाई करने से पहले उसकी पहचान सत्यापित कर लेवें, यदि आपको काल के माध्यम से किसी ऐसे लेनदेन के लिए ओटीपी प्राप्त होता है, जिसे आपने शुरू नहीं किया है, तो तुरंत 1930 पर इसकी सूचना दें, सायबर क्राईम गवरमेंट डॉट इन पर रिपोर्ट करें।

# जमीन विवाद को लेकर घर में लगा दी आग, दो भाई गए जेल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- राजहरा थाना क्षेत्र का मामला

थाना राजहरा में घर जमीन विवाद को लेकर घर में आग लगाने वाले आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर धारा 331(3), 324(4), 326(ह) बीएनएस के तहत जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को मनीष बाघ व भुतेश बाघ ने घर जमीन विवाद को लेकर प्रार्थिया ममता भुआर्य पति राजकुमार भुआर्य निवासी वार्ड क्रमांक 27 गुरूघासीदास वार्ड दल्लीराजहरा से वाद विवाद किया।

इसकी शिकायत करने प्रार्थिया ममता भुआर्य अपने पति के साथ थाना आयी थी। वह थाना से जब वापस घर जा रही थी, तभी रास्ते में पड़ोसी से पता चला कि उनकी बुआ के लड़के मनीष बाघ व भुतेश बाघ ने उनके घर में आग लगा दी है। प्रार्थी ने घर पहुंचने पर देखो तो घर में आग लगने से काफी धुआं निकल रहा था। आग से घर में रखे एलईडी टीव्ही, दीवान, सोफा सेट, पलंग गद्दा, सिलाई मशीन, दिवाल घड़ी, बिजली बोर्ड एवं वायर, एवं अन्य घरेलू उपयोगी सामान एवं मजदूरी की नगदी शेष पेज 13 पर

# चुनाव ड्यूटी पर नशे में मिले सहायक शिक्षक पर गिरी निलंबन की गाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने की कार्रवाई

उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बेलटिकरी में निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षक सुभाष सोरी को नशे की हालत में पाए जाने पर निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत तृतीय चरण के मतदान दिवस 23 फरवरी को गुण्डरदेही विकासखण्ड के मतदान केन्द्र क्रमांक 97 शासकीय प्राथमिक शाला बेलटिकरी का निरीक्षण किया गया। चुनाव के दौरान सहायक शिक्षक सुभाष सोरी शासकीय प्राथमिक शाला हर्राठेमा की मतदान अधिकारी शेष पेज 13 पर

# चुनावी सभा में बच्चों के साथ दिखीं शिक्षिकाएं, किया गया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किया निलंबन आदेश

उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला गुण्डरदेही की प्रधानपाठक सविता यादव और सहायक शिक्षक नेहा गुप्ता को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन करने पर निलंबित किया है। जारी आदेश के अनुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन के दौरान 07 फरवरी को चुनावी सभा पुराना हाई स्कूल मैदान गुण्डरदेही में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में पी.एम.श्री शासकीय प्राथमिक शाला गुण्डरदेही के बच्चे शामिल हुए थे, जिसकी खबर न्यूज पोर्टल में प्रसारित शेष पेज 13 पर

## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# चुनाव पूर्व सरपंच ने बांटा आबादी पट्टा ग्रामीणों ने की निरस्त करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- ग्राम पंचायत सरेखा के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

ग्राम पंचायत सरेखा के ग्रामीणों ने चुनाव पूर्व दिए गए आबादी पट्टा को अवैधानिक बताते हुए सभी आबादी पट्टों को निरस्त कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में कार्यरत सरपंच सरेखा द्वारा ग्रामवासियों को अंधेरे में रखते हुए अवैधानिक तरीके से आबादी पट्टा वितरण किया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा सार्वजनिक शासकीय भूमि को आबादी वितरण किये जाने से चारागाह की विशेष समस्या हो रही है। पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत कार्यरत किसी भी पंचायत पदाधिकारी को शासन को कोई भी लाभ नहीं दिया जाना है, ग्रामीणों ने अपने लिखित आवेदन में पंचों के नामों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया है कि सरपंच द्वारा खुलेआम नियमों की अनदेखी कर 3 पंचों को आबादी पट्टा दिया गया है। पंचों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों को भी दिया गया है, जो कि अवैधानिक है। समस्त ग्रामवासियों ने सार्वजनिक बैठक ग्राम सभा लेकर आबादी वितरण के संबंध में आम सहमति नहीं ली गई है। शिकायत पत्र में आबादी पट्टा के बदले प्रति आबादी 40,000 से लेकर 50,000 रूपये लिए जाने का आरोप भी लगाया है।

उन्होंने सरपंचद्वारा अवैधानिक ढंग से दिये गए आबादी पट्टे की जांचकर संपूर्ण आबादी पट्टा निरस्त करने व दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही पट्टा निरस्त नहीं किए जाने पर दुर्ग-दल्लीराजहरा मार्ग पर ग्राम सिकोसा में चक्काजाम की चेतावनी भी दी है।




# जिले के 18 शिक्षक-शिक्षिकाओं को मिला मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान

### कलेक्टर ने ज्ञानदीप पुरस्कार व शिक्षादूत पुरस्कार प्रदान कर किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के कुल 18 शिक्षक–शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर शिक्षादूत पुरस्कार से डौण्डी विकासण्ड के सुनीता लहरे, आशा साहू, चुरामन सिंह भुआर्य, गुरूर विकासखण्ड के विमलारानी गंगबेर, लालेश्वर सिन्हा, रामनारायण सिन्हा, गुण्डरदेही विकासखण्ड से मणी कुमार डहरिया, हेमपुष्पा देवांगन, रविन्द्र कुमार चंद्राकर, बालोद विकासखण्ड से हेमू राम नुरूटी, मनोज कुमार ठाकुर, लालरघुवीर सिंह ठाकुर, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड से प्रीतिबाला सोयाम, दीपक कुमार पटेल, रंजीता देवांगन को सम्मानित किया गया।

इसी तरह जिला स्तर पर ज्ञानदीप पुरस्कार से गुण्डरदेही विकासखण्ड के शिक्षक युवराज साहू, डौण्डी विकासखण्ड के शिल्पी राय एवं बालोद विकासखण्ड के शिल्पा साहू को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। जिसमें विकासण्ड स्तर पर शिक्षादूत पुरस्कार से पहली से पांचवी तक के प्राथमिक शिक्षकों तथा जिला स्तर पर ज्ञानदीप पुरस्कार से कक्षा 6वीं से 8वीं तक के माध्यमिक स्तर के शिक्षक को सम्मानित किया जाता है। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 का उद्देश्य शिक्षकों द्वारा पूरी निष्ठा एवं कर्तव्य का निर्वहन कर कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास करने पर उन्हें सम्मानित किया शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक की कार ने बाइक को ठोका, दो घायल

**रायपुर।** बालोद के पूर्व विधायक प्रीतम साहू की कार के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए एक बाइक को ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से बाइक सवार युवक घायल हो गए। घटना माना थाना क्षेत्र की है। कार चालक दिल्ली से लौट रहे प्रीतम साहू को लेने के लिए एयरपोर्ट जा रहा था। माना मार्ग से गरियाबंद, भूतेश्वर नाथ मंदिर का दर्शन करने जा रहे नरेंद्र साहू, सूरज साहू की बाइक को कार चालक ने ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से दोनों युवक के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। जिनका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना माना बस्ती सिग्नल के पास की है।

### श्वेता को पीएचडी

**रायपुर।** मैट्स विवि के योग विभाग द्वारा श्वेता कुर्रे को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। सहायक अध्यापक डॉ. सुनील मिश्र के मार्गदर्शन में उन्होंने अपना शोध कार्य पूर्ण किया। उनके शोध का विषय ''यौगिक अभ्यासों का महिलाओं के समायोजन एवं आत्मविश्वास पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन'' रहा। श्वेता पंडित सुंदरलाल शर्मा विवि में योग शिक्षिका के रूप में 9 वर्षों से सेवा प्रदान कर रही हैं।

### ट्रेनों में सामान भूल रहे यात्री, आरपीएफ लौटा रही

**रायपुर।** सफर के दौरान ट्रेनों में कीमती सामान भूलने वाले यात्रियों को उसे वापस लौटाया जा रहा है। भारतीय रेलवे द्वारा इसके लिए ऑपरेशन अमानत अभियान चला रही है। रेलवे सुरक्षा बल रायपुर से रेल मदद के माध्यम से सूचना मिली कि पुरी-दुर्ग एक्सप्रेस में यात्री का सामान छूट गया है। आरपीएफ टीम ने उक्त बैग जब्त किया और पतासाजी के बाद उसे कटनी में रहने वाले यात्री को वापस लौटाया। रेलवे स्टेशन रायपुर मे उतरते समय जल्दबाजी मे अपना बैग जिसके अन्दर लैपटॉप, चश्मा, दवाइयां सहित अन्य समान था।

### जन औषधि दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर।** जन औषधि के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष 7 मार्च को जन औषधि दिवस मनाया जाता है। इसके तहत छत्तीसगढ़ में 1 से 7 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योजना के प्रबंधक अनिश वोडितेलवार ने बताया कि परियोजना का थीम "दाम कम दवाई उत्तम" है। सप्ताहर भर में परियोजना की उपलब्धियों से आम नागरिकों को परिचित कराने विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जन औषधि योजना के तहत लोगों को 70 से 90 फीसदी कम दामों में दवाईयां उपलब्ध कराई जाती है। राज्य में जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने भी बड़ी कवायद की जा रही है।

### अंतर विभागीय डीआरएम कप की शुरुआत

**रायपुर।** सेक्रेसा मैदान डब्लूआरएस कॉलोनी में 22वें अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ डीआरएम दयानंद ने किया।। उदघाटन समारोह में मुख्य कार्यशाला प्रबंधक एमके भंडारी, अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल के अलावा मंडल के अधिकारी भी उपस्थित थे। वरिष्ठ खेल अधिकारी व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग के द्वारा सभी को पौधे देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी से 13 मार्च तक चलने वाले इस खेल महासंग्राम में कुल 20 टीमें भाग लेंगी।

## श्री विष्णु महायज्ञ ओटेबंद में 11 दिवसीय भव्य मेला 1 मार्च से





**अंडा।** श्री विष्णु धाम महायज्ञ (मंदिर) ओटेबंद बगीचा में 1 मार्च से मेला का आयोजन किया जाएगा। यहां महाशिवरात्रि के 2 दिन बाद 11 दिनों का महायज्ञ मेला होता है। इस वर्ष महायज्ञ मेला 65 वां वर्ष है। मंदिर समिति के सदस्य बिरेन्द्र दिल्लीवार, लवकुश चंद्राकर, बबला चंद्राकर ने बताया कि श्री विष्णु महायज्ञ ओटेबंद में मेला श्री विष्णु महायज्ञ 1 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित किया जाएगा है। इस दौरान बड़े-बड़े साधु संत महायज्ञ करेंगे। श्री विष्णु महायज्ञ के साथ-साथ 3 से 11 मार्च तक भागवताचार्य प्रवचन पं.श्री प्रमोद कृष्ण दास जी महाराज श्री वृंदावन वाले भागवत कथा का वाचन करेंगे। इसी तरह

### साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

# कलेक्टर ने पंचायत चुनाव में कार्यों के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने जिले में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन के कार्य के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की। साथ ही कहा कि इसी तरह पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में जिले को अग्रणी बनाने में महती भूमिका निभाएं। बैठक में चन्द्रवाल ने 01 मार्च से शुरू हो रहे छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में बोर्ड परीक्षाओं को सफलतापूर्वक एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने, नकल आदि के प्रकरण पर रोकथाम सुनिश्चित कराने हेतु उड़नदस्ता दलों के गठन तथा बच्चों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रखने हेतु संदेश प्रसारित करने के कार्य आदि सभी तैयारियों की बारी–बारी से समीक्षा की। साथ ही 17 मार्च से प्रारंभ हो रहे कक्षा 5वीं एवं 8वीं के बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं के बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

#### स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में लाएं प्रगति

बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी परिषद बालोद से नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मिलन के आयोजन की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मिलन के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## श्रीमद् भागवत में बताई ध्रुव चरित्र व जड़भरत कथा



**लाटाबोड़।** गुरुवार क्रो कथा के चौथे दिन देवी गीतांजली शर्मा गौरैय्या मंदिर चौरेल वाले ने ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, अजामिल चरित्र और नरसिंह अवतार की कथा सुनाई। साथ ही माता काली और दुर्गा की आकर्षक झांकी निकाली गई।

### जनपद पंचायत सदस्य बने अश्वनी जताया मतदाताओं का आभार



**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमाक 21 से अश्वनी कुमार कटहरे की विजय हुई है। जीत के बाद ग्रामीणों व समर्थकों के साथ विजय जुलूस निकाला। इस दौरान उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह जीत मेरा व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि ग्रामीणों के सहयोग और समर्थन का परिणाम है। इस दौरान रोहित यादव, गिरीश साहू, कुमेश सेन, रमाकांत, सियाराम डडसेना, प्रकाश सावरे सहित अनेक समर्थक उपस्थित थे।

## कैटरिंग संचालक को उपभोक्ता फोरम ने दिया दो लाख रुपए लौटाने का आदेश

- भिलाई के एक व्यक्ति ने बेटी के विवाह के लिए 10 लाख 21 हजार रुपए में दिया था ठेका
- दुष्कर्म के आरोप में जेल जाने की वजह से कर्मचारियों ने सुविधा देने के नाम पर की थी खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जिला उपभोक्ता फोरम ने एक कैटरिंग संचालक को सेवा में कमी के कारण दो लाख 16 हजार एक सौ रुपए छह प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया है। उपभोक्ता फोरम ने कैटरिंग संचालक को डेढ़ महीने के भीतर रुपए लौटाने का आदेश दिया है।

जिला उपभोक्ता फोरम ने आनंद कैटरर्स के संचालक आनंद मिश्रा को जुर्माने की सजा सुनाई है। आनंद मिश्रा के खिलाफ भिलाई, नेहरू नगर निवासी निर्मल कुमार साहू ने शिकायत दर्ज कराई थी। निर्मल ने अपनी बेटी की शादी के लिए विवाह के एक वर्ष पूर्व आनंद कैटरर्स में 10 लाख 21 हजार रुपए में भोजन उपलब्ध कराने 27 जुलाई 2015 को दो लाख 11 सौ रुपए एडवांस दिया था। निर्मल कुमार की बेटी की जब शादी होनी थी, उसी समय आनंद को पुलिस ने रेप के आरोप में गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया। आनंद के जेल जाने के बाद कर्मचारियों ने निर्मल को कैटरिंग सुविधा देने के नाम पर खानापूर्ति की। सेवा में कमी से आहत निर्मल ने इसकी शिकायत जिला उपभोक्ता फोरम में कर दी। मामले की सुनवाई जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग रायपुर के अध्यक्ष डाकेश्वर प्रसाद शर्मा, सदस्य निरूपमा प्रधान और अनिल अग्निहोत्रा ने की।

## पानी शुद्ध करने एक साल में चाहिए 500 लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर, नगर निगम ने किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम के जल विभाग ने शहरवासियों को शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध कराने 500 लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर का टेंडर किया है। यह टेंडर गुरुवार को खुलेगा। फिल्टर प्लांट संचालन के लिए हर माह 35 से 40 क्लोरीन सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। सालभर में यह मात्रा 500 लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर तक पहुंच जाती है। जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया में क्लोरीन बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके उपयोग से पानी में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस खत्म हो जाते हैं। दरअसल, गंगरेल डेम से शहर को पेयजल आपूर्ति के लिए मिलने वाले रॉ वाटर में कई तरह की अशुद्धियां होती हैं। इसे लोगों तक नलों के माध्यम से पहुंचाने से पहले जल विभाग अपने फिल्टर प्लांट के माध्यम से जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी करता है। जल शुद्धिकरण में प्रमुख रूप से क्लोरीन और एलम बहुत महत्वपूर्ण है। फिल्टर प्लांट के अधिकारियों के मुताबिक लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर खरीदी के लिए हर बार ऑनलाइन टेंडर किया जाता है। अब तक इसकी आपूर्ति नागपुर और आंधप्रदेश से होती रही है। प्लांट संचालन के लिए सालभर में 500 लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। इसे ध्यान में रखते हुए इसकी खरीदी करने ऑनलाइन टेंडर किया है।

#### प्रति सिलेंडर 14 से 16 हजार रुपये कीमत

जल शुद्धिकरण के लिए प्रयुक्त लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर की कीमत औसत रूप से 14 से 16 हजार रुपये है, एक साल में को 500 सिलेंडर की खपत होती है। इस तरह 80 लाख रुपये का खर्च इसकी खरीदी में किया जाता है।

#### रॉ वाटर का मटमैलापन दूर करने 800 मीट्रिक टन एलम की खपत

*नगर निगम के जल विभाग को पानी के मटमैलापन दूर करने हर साल 800 से 850 मीट्रिक टन एलम की जरूरत पड़ती है। इसके लिए जेम पोर्टल से खरीदी होगी। सामान्य दिनों में जहां पानी का मटमैलापन दूर करने 8 से 9 टन एलम की जरूरत पड़ती है, वहीं बारिश के सीजन में पानी मटमैलापन ज्यादा होने से इसकी मात्रा 15 से 20 टन तक पहुंच जाती है। यही वजह है कि बारिश से पूर्व फिल्टर प्लांट में एलम का 75 फीसदी स्टाक सुरक्षित कर लिया जाता है। सूत्रों के मुताबिक सालभर का एलम खरीदी का खर्च औसतन 1 करोड़ 35 लाख रुपये का है।*

## आचार संहिता हटी पर राजस्व प्रकरणों के निराकरण में नहीं आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद सभी निकाय क्षेत्रों में आचार संहिता 15 फरवरी से हटा दी गई है, वहीं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नतीजे आने के बाद पंचायत क्षेत्रों में भी लागू आचार संहिता 25 फरवरी को हटा दी गई है। आचार संहिता के दौरान प्रदेश के सभी जिला कलेक्टोरेट एवं तहसील कार्यालयों में राजस्व संबंधी प्रकरणों के कामकाज भी ठप रहे। अनुमान लगाया जा रहा था कि आचार संहिता हटने के बाद राजस्व से संबंधित सभी कार्यालयों में कामकाज में तेजी आएगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। सभी कार्यालयों में मंगलवार को कामकाज तो शुरू हुआ, इस दिन लंबित प्रकरणों पर पक्षकारों को सुनवाई के लिए बुलाया भी गया था, लेकिन उनमें से सिर्फ 14 प्रतिशत प्रकरणों पर ही सुनवाई की गई। इस तरह 86 प्रतिशत प्रकरणों पर सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी गई, जिसके कारण कलेक्टोरेट एवं तहसील कार्यालयों में पहुंचे पक्षकारों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रायपुर जिले में राजस्व संबंधी प्रकरण सबसे ज्यादा लंबित है। यहां 9500 प्रकरण लंबित है। इसी प्रकार दुर्ग में 8500 से अधिक, बिलासपुर 6500 से अधिक, महासमुंद 5000 से अधिक, रायगढ़ 5900 से अधिक, सरगुजा 9000 से अधिक, बालोद 5000 से ज्यादा अधिक प्रकरण लंबित है।इसके अलावा अन्य कई जिलों में भी 2 हजार से लेकर 5 हजार के बीच प्रकरण लंबित है। नारायणपुर जैसे कुछेक जिले में ही लंबित प्रकरणों की संख्या एक हजार से कम है।

#### 1019 प्रकरणों पर होनी थी सुनवाई, 151 में ही हो पाई

आचार संहिता हटने के बाद पहले दिन प्रदेशभर में राजस्व संबंधित 1019 प्रकरणों पर सुनवाई होनी थी। इसके लिए सभी पक्षकारों को सुनवाई की तारीख 15 दिन पहले दी गई थी, लेकिन अधिकारियों एवं तहसीलदारों की व्यस्तता के कारण मात्र 151 प्रकरणों पर ही सुनवाई हो पाई। शेष 868 प्रकरणों पर सुनवाई नहीं हो पाई। इन सभी प्रकरणों पर सुनवाई की आगामी तारीख दे दी गई है।

### सतनामी समाज की वैवाहिक पत्रिका 'बंधन' का विमोचन

**रायपुर।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा प्रकाशित सतनामी समाज का वैवाहिक परिचय पत्रिका बंधन के 9वें अंक का विमोचन किया गया। यह विमोचन न्यू राजेंद्र नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में बुधवार को अकादमी की संरक्षक शकुन डहरिया व अध्यक्ष केपी खण्डे के आतिथ्य में किया गया। इस मौके पर उन्होंने एक स्वर में कहा कि सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक मंच पर लाने का यह प्रयास सराहनीय है। पत्रिका प्रकाशन से हजारों विवाह योग्य प्रतिभागियों को वर-वधु तलाशने में सुविधा होगी, वहीं अनावश्यक खर्च और समय की बर्बादी से भी बचा जा सकेगा। अकादमी के प्रदेश प्रवक्ता व पत्रिका के संपादक चेतन चंदेल ने बताया कि, बंधन पत्रिका में राजधानी में 2 फरवरी को शहीद स्मारक भवन में आयोजित राष्ट्र स्तरीय हाईटेक सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन तथा 19 जनवरी को बेमेतरा सम्मेलन में भाग लिए सभी प्रतिभागियों की रंगीन फोटोयुक्त बायोडाटा प्रकाशित की गई है।

### अगले सत्र से छात्रों को दिए जाएंगे दो मौके, माशिम ने बीते सत्र से प्रारंभ की है यह सुविधा

## सीबीएसई से पहले माशिम अपना चुका दो परीक्षाओं का फॉर्मूला, 15 प्रतिशत विद्यार्थी ही हुए थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बड़ा बदलाव किया गया है। सीबीएसई अब विद्यार्थियों के लिए वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित करेगा। पहली परीक्षा फरवरी में आयोजित की जाएगी जबकि दूसरी परीक्षा मई में आयोजित होगी।

फेल हो चुके छात्रों के अलावा सभी विषयों में उत्तीर्ण विद्यार्थी भी श्रेणी सुधार के लिए इस परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। सीबीएसई द्वारा ये बदलाव शैक्षणिक सत्र 2025-26 से लागू किए जाएंगे, जबकि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल शैक्षणिक सत्र 2023-24 से ही इसे लागू कर चुका है। विशेष बात यह है कि छात्रों को वर्ष में दो बार परीक्षा की छूट दिए जाने के बाद भी केवल 15% विद्यार्थियों ने ही इसका लाभ उठाया था। इनमें भी 80 प्रतिशत विद्यार्थी पूरक की पात्रता रखने वाले अथवा प्रथम बार की परीक्षा में अनुत्तीर्ण घोषित होने वाले ही थे। 2024 में माशिम ने प्रथम परीक्षा एक मार्च से आयोजित की थी, जबकि द्वितीय बोर्ड परीक्षा 23 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित की गई थी। मार्च में हुई पहली बोर्ड परीक्षा में प्रदेश के करीब 6 लाख छात्र शामिल हुए थे।




#### 42 हजार पूरक छात्र, शेष अनुत्तीर्ण व श्रेणी सुधार वाले

आंकड़ों के मुताबिक, माशिम की द्वितीय परीक्षा में शामिल होने वाले 82 हजार छात्रों में से 42 छात्र पूरक की पात्रता वाले थे। इनमें 19 हजार दसवीं के तथा शेष बारहवीं कक्षा के थे। वर्ष में दो बार परीक्षा नहीं होने की स्थिति में भी पूरक छात्रो के लिए परीक्षाएं आयोजित किए जाने का प्रावधान है। इनके अलावा परीक्षा में शामिल अन्य विद्याथी वे थे, जिन्हें प्रथम परीक्षा में अनुतीर्ण घोषित कर दिया गया था। पहली परीक्षा में सफल होने वाले और दूसरी परीक्षा में श्रेणी सुधार के लिए बैठने वाले छात्रों की संख्या कम थी। माशिम 2025 में भी दो बार परीक्षा आयोजित करेगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ये बदलाव किए गए हैं।

#### तनाव रोकने में मददगार

वहीं एक वर्ग ऐसा भी है जो सीबीएसई के इस फैसले का सही बता रहा है। होलीहार्ट्स विद्यालय के प्रबंधक आशुतोष सिंह के मुताबिक, वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित किए जाने से छात्रों का तनाव कम होगा। अधिकतर छात्र इस बात को लेकर तनाव में होते हैं कि यदि परीक्षा में बेहतर नहीं कर पाए तो आगे क्या होगा। ऐसे विद्यार्थियों के मन में अब यह बात रहेगी कि यदि वे अभी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके तो उनके पास एक मौका और है। इस तरह से वे तनाव रहित होकर प्रदर्शन कर पाएंगे।

### 9 सूत्रीय मांग की अनदेखी से नाराजगी

## पेंशनर्स महासंघ करेगा 4 मार्च को जल संसाधन विभाग कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 31 दिसंबर 1988 के पूर्व नियुक्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की सेवा अवधि

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ 4 मार्च को प्रमुख अभियंता जल संसाधन कार्यालय का घेराव कर विरोध जतायेगा। नवा रायपुर स्थित प्रमुख अभियंता कार्यालय में 9 सूत्रीय मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षण कराने आंदोलन किया जा रहा है। इस आंदोलन में प्रदेश के सभी जिलों से प्रभावित सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल होंगे। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव की अध्यक्षता में बुधवार को राजधानी में बैठक हुई। बैठक में जल संसाधन विभाग की 9 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 मार्च को प्रदर्शन करने रणनीति पर चर्चा की गई। दैनिक वेतनभोगी सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनिल पाठक ने बताया कि जल संसाधन विभाग में 31 दिसंबर 1988 के पूर्व नियुक्त तृतीय व चतुर्थ वर्ग के सेवानिवृत्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों की अनदेखी की जा रही है। विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसके कारण वरिष्ठ नागरिक पेंशनर को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

#### प्रमुख मांगें

- दिसंबर 1988 के पूर्व से नियुक्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की संपूर्ण सेवा अवधि को नियमित किया जाये।
- दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के सेवाकाल की गणना कर उपादान प्रदान करने की मांग।
- नियमित एवं कार्यभारित स्थापना के कर्मचारियों को 300 दिन का अवकाश नकदीकरण भुगतान हो।
- अंशदायी पेंशन योजना के सदस्यों का विभागीय भविष्य निधि में जमा राशि का ब्याज सहित भुगतान किया जाये।

## खबर संक्षेप



### परिजन की पुण्य तिथि पर बच्चों को दिया नेवता भोज

**गुरूर।** शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव में मीना बाई निषाद एवं उनके परिवार द्वारा स्वर्गीय भगवान सिंह निषाद की द्वितीय पुण्य तिथि पर न्योता भोज कराया गया। इस बीच प्रधान पाठक कुशल नेताम, सहायक शिक्षक मुकेश कुमार बेस, रसोईया जीवन नागवंशी उपस्थित थे।

### ग्राम धमना में पशुधन वृद्धि के लिए छोड़ा गया नंदी देव



**जामगांव आर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्राम धमना में पशुधन वृद्धि के लिए नंदीदेव(सांड) सार्वजनिक रूप से छोड़ा गया। इस अवसर पर सरपंच लोकेश महलावर, भुवन साहू, देवकुमार साहू, संतु साहू, गजानंद साहू, शिवराज यादव, रग़बार सोनी, लछमन सोनवानी, पन्नालाल साहू, सोहन साहू, राजेंद्र साहू, नरेश मार्कण्डेय, लोकनाथ यादव, राजकुमार यादव, आशीष साहू इस अवसर पर हर्ष व्यक्त किया। समाजसेवी ढाल सिंह साहू ने कहा कि नंदी देव छोड़ने से हमारे ग्राम के पशुधन में वृद्धि होगी, जिससे गांव के पशुपालकों को लाभ होगा।

### कनेरी में महाशिवरात्रि पर निकाली गई शोभायात्रा



**गुरूर।** ग्राम कनेरी में आदिवासी समाज द्वारा महाशिवरात्रि पर शोभायात्रा निकाली गई। युवाओं ने भजन एवं बूढ़ादेव की भक्ति संगीत पर आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। शोभायात्रा कंकालीन मंदिर से निकल कर ग्राम भ्रमण कर वापस मंदिर पहुंच समाप्त हुई।

### मंगचुवा में थाना परिसर में की गई शिवलिंग की स्थापना



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल के थाना मंगचुवा में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में थाना परिसर में मंदिर बनाकर शिवलिंग की स्थापना की गई। पंडित द्वारा हवन-पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। थाना प्रभारी दुलार सिंह यादव एवं थाना के सभी स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा। साथ ही साथ आसपास के गांव से आए हुए गणमान्य नागरिक जयेश जैन, बबलु साहू, संतोष गुप्ता, पालसिंग यादव, टुमन नेताम सहित अन्य ने उपस्थित होकर हवन पूजा में शामिल होकर शिवलिंग की स्थापना की।

### घर से जेवरात पार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोडकर सोने-चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305,331(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# संबलपुर में तैयार हुआ फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, ब्लेक वाटर का होगा प्रबंधन व उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत डौंडीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत संबलपुर (लो.) में निर्मित फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसबीएम के जिला समन्वयक प्रवीण कुमार ठाकुर ने बताया कि प्लांट के माध्यम से मानव मल का प्रबंधन और उपचार किया जाएगा। उक्त प्लांट में समीपस्थ लगभग 25 ग्राम पंचायतों में निर्मित सेप्टीक टैंक के मानव मल को वाहन के माध्यम से प्लांट में लाया जायेगा एवं उपचार किया जायेगा। उपचार उपरांत जैविक खाद का निर्माण किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद डॉ. संजय कन्नौजे ने निर्माण एजेंसी आरईएस के अभियंता धनश्याम सिंह मार्कण्डे को निर्देशित करते हुए कहा कि प्लांट निर्माण हुआ है उस स्थान पर ब्लैक वाटर वाली टैंकर आसानी से पहुंच जाये ऐसी व्यवस्था करें। इसके साथ ही पौधा रोपण कर आसपास का वातावरण हरा-भरा बनाएं। गंदगी को गांवों से भगाकर बीमारी दूर करना है जो कि स्वच्छता से ही संभव है, वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने में फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

## जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने किया निरीक्षण

### कार्ययोजना तैयार करें

गावों को स्वच्छ रखना अत्यंत आवश्यक है, अस्वच्छता के कारण जल जनित बीमारियां फैलती है। गांवों में ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर उस स्थान को स्वच्छ व सुंदर बनाने जिला सीईओ ने कार्ययोजना तैयार करने एसबीएम के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा को कहा। भ्रमण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत डौंडीलोहारा पंकज देव, आरईएस के अभियंता धनश्याम सिंह मार्कण्डे, एसबीएम के जिला समन्वयक प्रवीण कुमार ठाकुर, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी केके नायक , एसबीएम प्रभारी कौशल ठाकुर, पुनीत यदु सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### खुले में कचरा डालने वालों से वसूला जाएगा जुर्माना

जनपद सीईओ पंकज देव ने बताया कि स्वच्छा ग्रहियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाकर प्रत्येक गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने की योजना तैयार की जा रही है। खुले में कचरा डालने वाले परिवारों से ग्राम पंचायत द्वारा जुर्माना वसूल की जाएगी। गांव में प्रवेश करते ही प्रथम दृष्टया स्वच्छ व सुंदर दिखना चाहिए। ग्राम पंचायत अपने कार्य योजना में स्वच्छता को अवश्य रूप से शामिल करे।

**बैठक :** कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

# गर्मी में किसी भी गांव में न हो पानी की समस्या, अभी से कर लें आवश्यक तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में गर्मी के मौसम में जिले के आम नागरिकों के लिए पानी की समुचित प्रबंध सुनिश्चित कराने को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक ली, ताकि गर्मी के मौसम में आम जनता को अपने आवश्यक कार्यों के लिए पानी की समस्या से जूझना न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को ग्रीष्मकाल के दौरान पानी की कमी की समस्या वाले गांवों को चिन्हित कर उन स्थानों पर पेयजल एवं निस्तारी के लिए समुचित मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए कार्य योजना बनाकर समय रहते जरूरी उपाय करने को कहा। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता सुक्रांत साहू सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

■ कहा- आम नागरिकों के लिए पानी का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करें



**राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की ली जानकारी**

बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में उन्होंने विकासखण्डवार जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

### किसी भी स्थिति से निपटने के लिए रहें पूरी तरह मुस्तैद

कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में जिले के आम नागरिकों को पेयजल, निस्तारी आदि अति आवश्यक कार्यों के लिए पानी की प्रबंध करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को स्थिति पर नजर रखते हुए इस कार्य की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम शुरू, 13 मार्च तक खिलाई जाएगी दवा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसमें 2 वर्ष से ऊपर सभी लोगों को फाइलेरिया की दवा दी जाएगी।

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 27 फरवरी से 13 मार्च तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम का गुरूवार को शुभारंभ किया गया। फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक रोग है। बालोद बीजेपी जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, नवनिर्वाचित बालोद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, पार्षद वार्ड क्रमांक 10 दीपक कुमार, सीएचएमओ डॉ. महेश कुमार सूर्यवंशी, डीपीएम अखिलेश शर्मा, डॉ. सजीव ग्लैड सहित जिला वैक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारियो ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में चेमन देशमुख ने कहा कि भारत को फाइलेरिया मुक्त बनाना हमारी प्रतिबद्धता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी की जरूरत है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में, यह अभियान जनभागीदारी की भावना से संचालित है। भारत फाइलेरिया को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है और आगे भी डटा रहेगा।

# जैन संतों के नगर आगमन पर किया स्वागत व वंदन

**डौंडीलोहारा।** शासन प्रभावक, मधुरभाषी श्री जिनपीयूषसागर सूरीश्वर जी मसा के प्रशिष्य रत्न अध्यात्म योगी उपाध्याय प्रवर श्री महेन्द्रसागर जी म.सा युवा मनीषी उपाध्याय प्रवर प.पू.श्री मनीषसागर जी म. सा. के सुशिष्य. श्री विवेक सागर जी म.सा. व प.पू. श्री प्रथम सागरजी म.सा.का मंगल आगमन नगर की पावन धरा पर बुधवार को सुबह हुआ।पूज्य संत द्वय की आगुवानी जैन समाज के लोगों ने की व नगर की सीमा से पद विहार में साथ चलते हुए नगर के जैन उपाश्रय भवन तक लेकर आए। सर्वप्रथम मुनिवृन्द ने नगर के श्रीशांतिनाथ जैन मंदिर में विराजमान जिन प्रतिमाजी के विधिवत दर्शन वन्दन किए व उपस्थित लोगों को मंगलपाठ श्रवण कराया गया। संघ के शीतल पारख ने बताया कि प्रतिदिन नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण के सभागार में प्रवचन का समय प्रातः8.30 से 9.30 बजे के साथ साथ दोपहर 2:30 से 3:30 बजे धार्मिक क्लास एवं रात्रि 8 से 9 बजे तक भाइयों के लिए स्वाध्याय एवं धर्मचर्चा का समय निर्धारित किया गया है। संघवी पारख व बाफना परिवार ने मुनिवृन्द को बधाया संत मुनिराज के नगर आगमन के साथ ही विवेकानंद चौक के समीप संघवी संतोष,सुशील व शीतल पारख परिवार व जिन मंदिर के समीप संघवी मनोज आशीष बाफना ने विधिवत चौकी पाटा में चावल व श्रीफल से गवली अर्पण कर मुनिवृन्द को हर्ष हर्ष जय जय के धार्मिक नारों के साथ बधाया व हर्षातिरेक से सुंदर आगुवानी की।



# वार्ड क्रमांक 12 में शुरू हुआ फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद के वार्ड क्रमांक 12 स्थित आंगनबाड़ी के पालना केंद्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथिर वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद सुमित शर्मा थे। सुमित शर्मा एवं पूर्व पार्षद छवि सार्वा ने स्वयं पहले फाइलेरिया की गोली खाकर इसके प्रति फैली भ्रांति और अफवाहों को दूर किया। सुमीत शर्मा ने कहा कि इससे किसी तरह का नुकसान नहीं है। इसलिए घबराने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने बालोद के सभी नागरिकों से भी अपील की कि फाइलेरिया की दवाई अवश्य लें। इस कार्यक्रम में पूर्व पार्षद छबि सार्वा, स्वास्थ्य विभाग के एमटी सुशीला साहू, मितानिन श्वेता साहू, पालना केंद्र के कार्यकर्ता रूप यादव, वार्ड वासी अमलेश्वरी साहू एवं अन्य वार्डवासी उपस्थित रहे। **इन्हें नहीं लेनी चाहिए दवाः** कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि 2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों को यह दवाई नहीं खाना चाहिए।



# आदिवासी समाज ने निकाली शोभायात्रा



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम साजा में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर बूढ़ा देव मंदिर में पूजा अर्चना कर आदिवासी समाज द्वारा बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी थे, अध्यक्षता पूर्व सरपंच रोहित निर्मलकर ने की।

विशेष अतिथि जनपद सदस्य हेमपुष्पा साहू, जनपद सदस्य गुलशन कुमार साहू, मण्डल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, सेवा सहकारी अध्यक्ष देवेन्द्र यदु, लक्ष्मी नाथ ठाकुर, प्रतापभान यदु उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मंडावी ने कहा कि माता पार्वती एवं शिव जी के विवाह पर महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से पूरे भारत देश में मनाया जाता है। इस अवसर पर आदिवासी समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मन मोह लिया। साथ ही ग्राम पंचायत साजा के नव निर्वाचित पंचों एवं जनपद सदस्यों का आदिवासी रीति रिवाज के साथ चावल का पीला टीका लगाया गया व पगड़ी बांध कर सम्मान किया गया। समाज के लोगों ने भंडारा का आयोजन कर प्रसाद बांटी। इस अवसर पर प्रशांत कुमार साह, लाभेंद्र सिन्हा, राकेश कुमार साहू, धनेश्वर साहू, रोहिल सेन, लोमेश्वरी ठाकुर, चंदा ठाकुर, संजना ढिमर, भुनेश्वरी सेन, सुनिता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पुरुष में धौराभाठा व महिला वर्ग में छिन्दौली की मंडली रही प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो दिवसीय रामायण मेला का आयोजन ग्राम हिरापुर में 25 एवं 26 फरवरी को किया गया था। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार नूतन मानस परिवार धौराभाठा ने प्राप्त किया। इसी तरह द्वितीय पुरस्कार जय श्री कृष्णा मानस परिवार हीरापुर, तृतीय पुरस्कार जय छत्तीसगढ़ मानस परिवार कोढवा, चतुर्थ पुरस्कार हरिकीर्तन मानस परिवार नेतामटोला, पंचम पुरस्कार नव किरण मानस परिवार आमाडुला, अष्टम पुरस्कार गुरूदेव अराधना मानस परिवार छिन्दौली ने प्राप्त किया। वहीं, महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार विद्या देवी शारदा संपूर्ण महिला मानस परिवार छिन्दौली, द्वितीय पुरस्कार श्री राम रूचि महिला मानस मंडली कोलियारी, तृतीय पुरस्कार जय सरस्वती महिला मानस परिवार सनौद, चतुर्थ पुरस्कार श्री राम कृष्ण महिला मानस परिवार थूहा नवागांव ने प्राप्त किया। विशेष पुरस्कार के तहत भजन में नव जागृति मानस परिवार बोरी, वेशभूषा में दीप शिखा संपूर्ण महिला मानस मंडली घुमका, व्याख्या में नित्या महिला मानस मंडली अधारी नवागांव, तबला में जय श्री कृष्ण मानस परिवार हीरापुर, अनुशासन में श्री राम रसिक जुगनू मानस परिवार मोंहदी, संगीत में योग वेंदांत बालिका मानस परिवार बालोद को पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रथम पुण्यतिथि



स्व. श्री ऐनु राम साहू
(लेखापाल, जनपद पंचायत गुरूर)

पल जो खुशियों के बिताए तुम्हारे संग, हर गम में भी रहें सदा मुस्कुराते तुम्हारे संग न हो के भी अपने होने का एहसास कराते हो, जिंदा दिली और अपनेपन की बात पर बहुत याद आते हो।

:: श्रद्धानवत् ::
कौशल बाई (पत्नी), पीयूष कुमार साहू (पुत्र)
इंदु, डॉली, चेतना, गंगा, घनिता, घमिता (पुत्रीयां)
देवाशीष, विपर्णा, प्रियोम, रोशिका (नाती-नातिन)

## पेज 11 के शेष

### जमीन विवाद को लेकर ...

रकम 20000 रूपये सहित कुल 1,20,000 रूपये का नुकसान हुआ है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी राजहरा द्वारा टीम गठित कर तत्काल आरोपियों की पता तलाश कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान उन्होंने जमीन विवाद में ममता भुआर्य के घर आग लगाना स्वीकार किया। इस पर आरोपियों को 27 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल बालोद में निरूध्द किया गया है।

### चुनावी सभा में बच्चों ...

हुई। न्यूज पोर्टल में प्रसारित खबर पर पी.एम.श्री शासकीय प्राथमिक शाला गुण्डरदेही के छात्र-छात्राएं एवं सहायक शिक्षक नेहा गुप्ता शासकीय प्राथमिक शाला गुण्डरदेही की उपस्थिति दिखाई दे रही है। इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए दोनों को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर नगर पंचायत गुण्डरदेही ने दोनों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्तावित भेजा था। इस पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### चुनाव ड्यूटी पर नशे ...

क्रमांक 03 के रूप में ड्यूटी लगाई गई थी। निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षक सुभाष सोरी को नशे के हालत में पाए गए। इस पर मतदान कार्य करने में सक्षम नहीं होने के कारण उनके स्थान पर रिजर्व दल से मतदान अधिकारी क्रमांक 03 की नियुक्ति की गई, जिससे मतदान कार्य प्रभावित हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने आदेश जारी कर सहायक शिक्षक सुभाष सोरी (मतदान अधिकारी क्रमांक 03) शासकीय प्राथमिक शाला हर्राठेमा का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 17, 24, 26 एवं छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1, 2, 3 के विपरित होने के फलस्वरूप छ.ग. सिविल सेवा नियम 1966, के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### जिले के 18 शिक्षक-शिक्षिकाओं ...

जाता है। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 अंतर्गत प्राथमिक स्तर के शिक्षक को शिक्षादूत पुरस्कार के रूप में 5000 रुपये आरटीजीएस एवं प्रशस्ति पत्र तथा माध्यमिक स्तर के शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार के रूप में 7000 रुपये आरटीजीएस एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाता है।

### टीचर्स एसोसिएशन ने मोदी की ...

समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने, उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति, समयमान का विभागीय आदेश किए जाने सहित शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के बराबर 01 जुलाई 2024 से लंबित 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर्स सहित देकर एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ, सीजीपीएफ खाता में किए जाने की मांग शामिल हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-202410242600028
ब-121- वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम बालोदगहन को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गुरूर, जिला बालोद के ज्ञा. क्र. / 616 / वाचक / अविअ / 2024 गुरूर दिनांक 10.09.2024 के अनुसार आवेदिका श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव पति स्व. दिनेश कुमार ओटी, जाति गोड़, निवासी बालोदगहन, तहसील गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा आवेदिका के पति श्री दिनेश कुमार ओटी स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार तहसील तमनार जिला रायगढ़ छ.ग. में स्टॉफ नर्स (पुरुष) के पद पर पदस्थ थे, सेवा काल के दौरान उनकी मृत्यु सेवा अवधि में दिनांक 26.09.2023 को हो चुका है। मृतक दिनेश कुमार ओटी के वैध वारिसान प्रमाण पत्र प्रदाय करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जो नियमानुसार जांचकर जांच प्रतिवेदन स्पष्ट प्रतिवेदन बाबत इस न्यायालय को प्राप्त होने पर प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ किया गया। उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 07/03/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) नायब तहसीलदार
गुरुर

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जागृति को मिली ग्राम पंचायत सोनाईडोंगरी की जिम्मेदारी



**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सोनाईडोंगरी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मुकाबले में जागृति खिलावन साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 137 वोट से जीत हासिल की है। जागृति साहू ने विजयी पंचों के साथ विजय जूलूस निकालकर घर-घर जाकर आभार व्यक्त किया। रैली में कौशल साहू, रामसहाय साहू, दुलारू राम साहू, बीरबल यादव, जितेंद्र यादव, बीर सिंह यादव, लक्की साहू, योगी साहू, वाशनिक साहू, भीषम यादव सहित कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत बोहारडीह के सरपंच बने राजेंद्र कुमार



**गुरूर।** ग्राम पंचायत बोहारडीह एवं आश्रित ग्राम मुजगहन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में युवा राजेंद्र कुमार साहू को ग्रामीणों ने अपना ग्राम सरपंच चुना है। इससे कि दोनों गांव के ग्रामीण काफी उत्साहित है। आपको बता दें कि इस चुनाव में 5 प्रत्याशी चुनाव में खड़े हुए थे, किंतु युवा वर्ग से राजेंद्र कुमार साहू ने निकटतम प्रत्याशी पर 121 वोट से जीत हासिल की है। राजेंद्र कुमार साहू के सरपंच चुने जाने पर बोहारडीह एवं मुजगहन में विजय जुलूस निकाला गया।

### ग्राम पंचायत दरगहन की सरपंच बनीं त्रिभा



**गुरूर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत दरगहन आश्रित ग्राम दानीटोला, डोकला से सरपंच पद पर त्रिभा अश्वनी बंजारे ने जीत हासिल की है। यह पहली बार है जब पंचायत में ग्राम डोकला से सरपंच नियुक्त हुआ है। इससे ग्रामीणों में और अधिक उत्साह है, क्योंकि पिछले लंबे समय से दानीटोला एवं दरगहन से ही सरपंच बनते आ रहे थे। किंतु इस वर्ष त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में डोकला से प्रत्याशी होने से ग्रामीणों में पहले से ही उत्साह भरा हुआ था, हालांकि ग्राम दरगहन से भी एक प्रत्याशी उम्मीदवार चुनाव में खड़ी हुई थी, किंतु ग्रामीणों ने ग्राम डोकला से त्रिभा अशवनी बंजारे को अपना सरपंच चुना गया।

### कोचवाही में शुरू हुई श्रीमद् भागवत

**गुरूर।** ग्राम कोचवाही में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कृष्ण कथा का आयोजन 26 फरवरी से किया जा रहा है। इसका समापन 4 मार्च को होगा। कथा वाचक पंडित लीलेश्वर शास्त्री महाराज व परायणकर्ता पंडित बीट्टू तिवारी हैं। 26 फरवरी को संध्या गौकरण पूजा, यज्ञ स्थापना के बाद कथा हुई। 27 फरवरी को कथा वर्णन हुआ। 28 फरवरी को ध्रुव प्रहलाद, वामन चरित्र, 01 मार्च को कृष्ण जन्म, 2 मार्च को रूक्मिणी विवाह कथा का वर्णन किया जाएगा। 3 मार्च को सुदामा चरित्र तथा 4 मार्च को परीक्षित मोक्ष, गीता हवन के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## कपिलेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की पूजा कर लिया आशीर्वाद







**बालोद।** जिले के पुरातात्विक मंदिरों में से एक कपिलेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पर्व पर भगवान शंकर के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। जहां मंदिर में पुराने राजा महाराजा काल से स्थापित शिवलिंग के साथ वर्तमान में कुछ साल पहले मंदिर समिति द्वारा स्थापित भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा के दर्शन तथा विधि विधान से पूजा-अर्चना करने के लिए भक्त पहुंच रहे थे। जहां मंदिर में पहुंचने वाले भक्तों को न सिर्फ भगवान शंकर के दर्शन हो रहे थे, बल्कि वहां पुराने राजाओ द्वारा स्थापित भगवान गणेश व अन्य देवी देवाताओं के भी दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा था। जहां मंदिर परिसर में पुराने समय से बने बावली व अन्य पुराने स्मारक देखते ही बनते थे। यहां पहुंचने वाले भक्त मंदिर परिसर में स्थित बावली से जल लेकर बावली के नजदीक में स्थापित शिवलिंग का पूजा अर्चना व जल चढ़ाते दिखे। वहीं, मंदिर में पहुंचने वाले भक्तों को मंदिर समिति द्वारा प्रसादी के रूप में भण्डारा का आयोजन किया गया था। वहीं, मंदिर समिति में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

### अंचल में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

# शिवालयों में गूंजा ओम नमः शिवाय,बाजे-गाजे के साथ निकाली शिवजी की बारात, रचाया विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

- सुबह से देर रात तक पूजा-अर्चना के साथ हुए विविध कार्यक्रम

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कुसुमकसा के शिव मंदिरों में दिनभर पूजा अर्चना करने भक्तों का तांता लगा रहा। पूरा अंचल हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय, बम बम भोले से मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा। शिवालयों को रंगरोगन कर रंग बिरंगे लाइट से सजाया गया है।


आमापारा गौठान के समीप पुराने शिव मंदिर का ग्रामीणों के जनसहयोग से जीर्णोद्धार करवाया है। उसके बाद महाशिवरात्रि के अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना कर हवन किया गया। पुराने मंदिर का नवनिर्माण होने से ग्रामीणों में काफी उत्साह है। सुबह से शाम तक ग्रामीण पूजा अर्चना करने पहुंचते रहे।



कुसुमकसा के हृदय स्थल पर सबसे पुराने शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना व अभिषेक किया गया। साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया।

तालाब पारा में स्थापित शिवलिंग की पूजा अर्चना कर शिव जी की बारात डीजे के साथ निकाली गई। शिव जी की बारात में भक्तगण नाचते गाते शिव मंदिर पहुंचे जहां शिव पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। काली मंदिर में स्थापित शिवलिंग को विशेष रूप से सजाया गया था। विशेष अभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। छोटे बच्चे भी शिव जी का रूप धारण कर आकर्षण का केंद्र बने रहे। गैरेज पारा के शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। खलारी मार्ग पर बने मंदिर में भी पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। ग्रामीण दिनभर महादेव जी की पूजा में लगे रहे।

### कपिलेश्वर मंदिर में 1008 दीपों से की गई महाआरती



**बालोद।** जिला मुख्यालय स्थित प्राचीन कपिलेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर रंग-बिरंगे झालरों से खूबसूरत सजावट की गई थी। जहां बालोद की शान कपिलेश्वर मंदिर नयापारा बालोद में 1008 दीपों के साथ महादेव जी का महाआरती का सुन्दर दृश्य देखने को मिला।

## शिवरात्रि पर शिवमय हुआ अंचल



**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम संबलपुर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कई स्थानों में नवनिर्मित शिव मंदिर में निरंतर पूजा पाठ के साथ साथ खीर पूरी प्रसादी व भंडारा का आयोजन हुआ। सुबह से देर रात्रि तक जगह-जगह पूरा गांव शिव जलाभिषेक और पूजन अर्चन के बीच हर-हर महादेव और बम भोले जैसे जयकारों से गांव की गलियां गूंजती रहीं। कई स्थानों पर यज्ञ, रामायण व अन्य आयोजन किए गए। इसी क्रम में शिव संगम समिति संबलपुर द्वारा पूजन यज्ञ पश्चात राम कथा का आयोजन किया गया, जिसमें शिव कृपा मानस परिवार द्वारा महाशिवरात्रि पर्व की महत्व बताते हुए भगवान शंकर की कई लीलाओं का दर्शन कराया। शिव-पार्वती विवाह की कथा व शिव भजनों की प्रस्तुति पर लोग झूमते रहे। शिव कृपा मानस परिवार के व्याख्याकार वीरेंद्र अजनबी ने शंकर जी की वेशभूषा पर आध्यात्मिक प्रवचन देते हुए आम जनमानस को संदेश देते हुए महाशिवरात्रि को आत्मा से परमात्मा के मिलन की रात्रि बताया। इस अवसर पर शिव संगम समिति की महिलाओं एवं ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। समापन में खीर पूड़ी प्रसादी का वितरण किया गया।

### गस्तीटोला में धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि







**बालोद।** ग्राम गस्तीटोला में महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्राम के चौक स्थित शिवलिंग में विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जहां पूजा अर्चना के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सुबह से ही मंत्रोच्चार किया जा रहा था, जिससे पूरे गांव का वातावरण सुबह से ही भक्तिमय हो गया था। जहां पूजा स्थल पर छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं व पुरूष सभी एकत्र होकर भगवान की पूजा अर्चना में सम्मिलित हुए। जहां पूजा अर्चना संपन्न होने के बाद ग्रामीण समिति द्वारा प्रसादी के रूप मे पूरे ग्राम के लोगों को भण्डारा खिलाया गया। लोगों ने जमीन पर बैठकर प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान समिति द्वारा सभी से अपील भी की जा रही थी, कि उतना ले थाली में जो न जाए नाली में इस भाव के साथ कम मात्रा में प्रसादी प्राप्त की।

### जलेश्वर महादेव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु





**बालोद।** शहर के गंजपारा स्थित जलेश्वर महादेव जहां तालाब के बीचों बीच स्थित शिवलिंग की पूजा अर्चना के लिए महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों द्वारा भगवान शंकर की पूजा अर्चना के साथ एकांत बैठकर प्राकृतिक मनोरम दृश्य में भगवान शिव की भक्ति का अलौकिक आनंद भक्तों ने सुबह से देर रात तक लिया। शहर के दशौंदी तालाब में जलेश्वर महादेव विराजमान हैं, जहां भगवान शंकर की पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचने वाले भक्तों को न सिर्फ भगवान की भक्ति का मौका मिलता है, बल्कि तालाब में मौजूद मछली व कछुओं को भोजन प्रदान कर पुण्य प्राप्त करने का भी मौका प्राप्त होता है। जहां महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवलिंग को फूलों से सजा दिया गया था, जिसे देखते ही भक्तों का मन मंत्रगुग्ध होकर भगवान की भक्ति मे लीन हो जाता था। वहीं, रात को भगवान शंकर को विशेष लाईटिंग से सजाया गया था जो देखते ही बनता था।

### धनोरा में निकाली गई भगवान भोलेनाथ की पालकी यात्रा



**अंडा।** महावीर उद्यान धनोरा दुर्ग में विराजे भगवान भूतभावन भोलेनाथ एवं शनि देव महाराज जी की पूजा-अर्चना की गई। यहां सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ था, जो रात तक चलता रहा। रात्रि 7 बजे से महावीर उद्यान से धुमाल ग्रुप द्वारा भगवान भोलेनाथ की पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा महावीर उद्यान से बजरंग पारा बजार चौक मेन गली शीतला पारा से राधाकृष्णन मंदिर होते फिर महावीर उद्यान पहुंची। इस बीच जगह-जगह भोलेनाथ की पूजा-अर्चना किया गया। पूरी यात्रा के दौरान ओम नमः शिवाय की गूंज होती रही। शोभायात्रा में बलराम साहू, बबलू, गज्जू रायपुरिहा, भोलू साहू, खिलेश्वर साहू लक्ष्मण बाबा, अजय हिरवानी, लक्की पटेल, गुलशन साहू सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# गोंडवाना गोंड़ समाज ने शंभू नरका पंडुम पर निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

शंभु नरका पंडुम (महाशिवरात्रि) के पावन पर्व पर गोंडवाना गोंड़ समाज कुसुमकसा द्वारा शंभु मादव को याद करते हुए गोंडवाना भवन में बूढ़ादेव की पूजा अर्चना कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

बूढ़ादेव एवं शंभु मादव के छाया चित्र के साथ बाजे गाजे तथा डीजे की धुन पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा में समाज की मातृशक्तियों ने अपने सिर पर सुसज्जित कलश रखकर नगर का भ्रमण किया। इस दौरान समाज के युवक-युवतियों ने सामूहिक रेला पाटा नृत्य की प्रस्तुति दी। शोभायात्रा




दीप चौक ,बेगापारा, आदर्श चौक, आजाद चौक, बस स्टैंड चौक, गैरेज पारा, तालाब पारा, क्रांति चौक, शांति नगर होते हुए गोंडवाना भवन में समाप्त हुई। इस अवसर पर गोंडी झुमका बैगा द्वारा सेवा अर्जी की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नीलिमा श्याम नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य, वेदबाई पिस्दा नवनिर्वाचित सरपंच, योगेंद्र सिन्हा गांधी अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा, संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य एवं नवनिर्वाचित पंचगण उपस्थित थे। सभी अतिथियों का गोंडी परंपरा के अनुसार पीला चावल व पगड़ी बांधकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उसके बाद समाज द्वारा बनाए गए भंडारे में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में श्यामलाल ठाकुर अध्यक्ष गोंडवाना कल्याण समिति, उम्मेदसिंह मंडावी, विजय पोटाई, शिवराम सिंद्रामे, हरिराम ठाकुर, कोमल धुर्वे, सागर कोमर्रा, हेमंत ओटी, राजेंद्र कुमार, संतोष, रोशन, दुलेश्वरी मरकाम सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

